>

Title: Regarding Toll-free movement in Ajmer Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर में किशनगढ़ से पश्चिम दिशा में साढे तीन किलोमीटर की दूरी पर अजमेर की तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 पर गत यू.पी.ए. सरकार ने किशनगढ़ से ब्यावर खण्ड मार्ग बना कर 6 लेन निर्माण कर किशनगढ़ के पास ही गेगल टोल बूथ पर टोल टैक्स वसूला जा रहा है । वहीं दूसरी ओर किशनगढ़ से पूर्व दिशा में भी साढे तीन किलोमीटर की दूरी पर जयपुर की तरफ उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 पर किशनगढ़ से जयपुर खण्ड मार्ग पर 6 लेन का निर्माण होने से बडगांव टोल बूथ पर भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर में स्थित उक्त दोनों टोल बूथों के बीच की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है जो कि देश भर में हीं नहीं है । उक्त दोनों टोल टैक्स अजमेर लोक सभा क्षेत्र की जनता के साथ सर्वथा न्याय संगत नहीं है ।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के मापदंडों के अनुसार दो टोल बूथों के मध्य की एक निश्चित दूरी लगभग 60 से 65 किलोमीटर होती है । जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 . के उक्त किशनगढ़ से व्यावर खण्ड मार्ग पर मात्र 46 किलोमीटर की दूरी पर ही दो टोल बूथ स्थापित कर दिए गए हैं । यानि कि राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 पर स्थित बडगांव (किशनगढ़) से पीपलाज (ब्यावर) के मध्य तीन टोल बूथों के माध्यम से टोल वसूला जा रहा है ।

अतः मेरा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री महोदय से निवेदन है कि आप उपरोक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर के समस्त निजी फोर व्हीलर/चौपहिया वाहन धारियों को निःशुल्क

आवागमन की महती योजना केन्द्रीय स्तर पर स्वीकृत करावे ताकि संसदीय क्षेत्र के आम-जन को राहत मिल सके ।